संख्याः ईडीएन–एच (प्रार0)(4) 4–2 / 2015–20
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय,
हिमाचल प्रदेश, शिमला – 171001

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय (हि.प्र.)
24 FEB 2020
शिमला–1

दिनांक शिमला–171001 फरबरी, 2020

सेवा मे,

समस्त उप–निदेशक, उच्चतर एंव प्रारम्भिक शिक्षा
हिमाचल प्रदेश।

विषयः मार्च,2020 में बोर्ड द्वारा संचालित की जाने वाली वार्षिक परीक्षाओं के सन्दर्भ में ।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर अध्यक्ष, हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला जिला–कॉगड़ा हि0प्र0 से प्राप्त अ0 पत्र दिनांक 05 फरवरी, 2020 की प्रति अग्रेषित करते हुए निर्देश दिए जाते है कि बोर्ड कार्यालय द्वारा अपेक्षित सूचना अविलम्ब उपलब्ध की जाए तथा की गई कार्यवाही से इस निदेशालय को भी अवगत करवाया जाए।

सयुंक्त निदेशक (S)
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय,
हिमाचल प्रदेश, शिमला –1

पृष्ठाकन संख्या सम संख्यक दिनांक शिमला–171001 फरबरी,2020
प्रतिलिपि–

1. सचिव , हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला कांगड़ा हि0प्र0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतू प्रेषित है।
2. इंचार्ज, आई टी सैल, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 को अपलोड करने बारे आवश्यक कारवाई हेतू प्रेषित है।
3. रक्षक नस्ति।

ह0/-

सयुंक्त निदेशक (S)
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय,
हिमाचल प्रदेश, शिमला –1

Endst. No- EDN-KGR-(E-8) -MISC-2019-20 Feb-2020

Copy forwarded in original to all the Block Elementary Education officers Distt. Kangra for information & necessary action.

Dy. Director of Ele. Education,
Kangra at Dharamshala.

Un J+O2 11-2.20

डॉ० सुरेश कुमार सोनी
अध्यक्ष

अणुडाक : hpbosechairman@gmail.com
हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड,
धर्मशाला -176 213
दूरभाष (का०) : 01892-222773
(आ०) : 01892-246424
मोबाइल : 70180-90411
फैक्स : 01892-222151

05फरवरी, 2020
क्रमांक : हि०शि०बो०(19)/संचालन-1(CS/DS)/2020 10641-642.

विषयः मार्च, 2020 में बोर्ड द्वारा संचालित की जाने वाली वार्षिक परीक्षाओं के सन्दर्भ में ।

प्रिय कश्यप जी,

जैसाकि आपको विदित ही है कि बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं मार्च माह में आयोजित की जा रही हैं । इस सम्बन्ध में बोर्ड ने निर्णय लिया है कि वार्षिक परीक्षाओं के 2042 परीक्षा केन्द्रों में अधीक्षकों/उपाधीक्षकों की नियुक्तियां शत-प्रतिशत बाहर से लगाई जायें। इसके लिये बोर्ड ने अपनी वैबसाईट पर प्रपत्र अपलोड करते हुए सभी पाठशाला प्रमुखों से अनुरोध किया है कि वे अपनी पाठशाला में कार्यरत् सभी अध्यापकों का विवरण बोर्ड को उपलब्ध करवायें । लेकिन बहुत से पाठशाला प्रमुखों ने अभी तक भी अध्यापकों का विवरण बोर्ड को उपलब्ध नहीं करवाया है ।

इसी तरह परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिये 53 स्थल मूल्यांकन केन्द्र खोले गये हैं। मूल्यांकन के लिये भी अधिक से अधिक अध्यापकों की आवश्यकता रहेगी ताकि मूल्यांकन का कार्य 8 या 10 दिन में समाप्त किया जा सके और पाठशालाओं में विद्यार्थी लम्बे समय तक अध्यापक के बिना न रहें । लेकिन इस कार्य के लिये भी बहुत कम संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसके कारण मूल्यांकन का कार्य लम्बे समय तक चलेगा व परीक्षा परिणाम घोषित करने में भी देरी होगी ।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप सभी उप शिक्षा निदेशकों के माध्यम से सभी पाठशाला प्रमुखों को निर्देश देने की कृपा करें कि अपनी-अपनी पाठशाला में कार्यरत् सभी प्राध्यापकों/अध्यापकों का विवरण बोर्ड द्वारा अपनी साईट पर उपलब्ध करवाये गये प्रपत्र में भरकर शीघ्रातिशीघ्र भेजें ताकि बोर्ड का परीक्षा संचालन व उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य सुचारू रूप से निष्पादित हो सके ।

आदर सहित,

सदभावी,

(डॉ० सुरेश कुमार सोनी)

SE Genl.

श्री अनुपम कश्यप,
शिक्षा निदेशक(प्रारम्भिक शिक्षा),
हि०प्र०, शिमला - 171 001

Sh. K. Kashyap
10/2/2020